

नवभारत
इंदौर, शुक्रवार, 26 दिसंबर, 2025
11

# मुख्यमंत्री के 'गुड़' बयान पर कांग्रेस का तंज

▸ एसडीएम से मांगे गुड़ के बीज, रोपण अधिकारी तैनात करने की मांग



**नीमच।** नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम संजीव साहू को मुख्यमंत्री के नाम एक व्यंग्यात्मक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें 'गुड़ के बीज' और 'गुड़ रोपण अधिकारी' की तत्काल नियुक्ति की मांग की गई है। दरअसल, मुख्यमंत्री मोहन यादव के एक हालिया बयान ने प्रदेश की राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है। इस बयान के बाद, नीमच कांग्रेस ने विरोध का एक अनोखा तरीका अपनाया है।

**उच्च गुणवत्ता वाले 'गुड़ के बीज' उपलब्ध कराने की मांग**-यह ज्ञापन कांग्रेस जिलाध्यक्ष तरुण बाहेती के नेतृत्व में सौंपा गया। इसमें कहा गया है कि चूंकि अब प्रदेश में खेती की तकनीक बदल गई है, इसलिए किसानों को पारंपरिक तरीके से गन्ना बोने की आवश्यकता नहीं है। कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि जिले के किसानों को जल्द से जल्द उच्च गुणवत्ता वाले 'गुड़ के बीज' उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही, इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए तत्काल प्रभाव से 'गुड़ रोपण अधिकारी' की नियुक्ति की जाए।

**किसानों ने सत्ता पक्ष पर कसा तंज**-कांग्रेस ने इस ज्ञापन के माध्यम से सत्ता पक्ष पर तीखा तंज कसा है। उन्होंने कहा कि अब तक किसान गन्ने की खेती में बेवजह पसीना बहाते थे, उसे काटकर मिलों तक ले जाते थे और फिर घंटों कड़ाहे में जलाकर गुड़ बनाते थे। लेकिन, मुख्यमंत्री की इस 'क्रांतिकारी' सोच ने किसानों की सारी मेहनत बचा ली है। ज्ञापन में चुटकी लेते हुए यह भी कहा गया कि जब सीधे खेतों में गुड़ की डलियां उगेंगी, तो किसानों को न तो यूरिया की लंबी लाइनों में लगना पड़ेगा और न ही खाद की कालाबाजारी का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री के उस पुराने दावे को भी याद दिलाया, जिसमें उन्होंने एक बीघे में 50 क्विंटल गेहूं उगाने की बात कही थी।

> **गुड़ के बीजों के पैकेट वितरित करने की जताई उम्मीद**
>
> ज्ञापन के अंत में व्यंग्यात्मक रूप से उम्मीद जताई गई कि नीमच प्रशासन जल्द ही गुड़ के बीजों के पैकेट वितरित करेगा, ताकि नीमच दुनिया में गुड़ उत्पादन का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरे। फिलहाल, यह 'मीठा कटाक्ष' सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक चर्चा का केंद्र बना हुआ है।

# पी एम श्री एकीकृत शासकीय हाई स्कूल चल्दू जिला नीमच का शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

**नीमच। पी एम श्री एकीकृत शासकीय हाई स्कूल चल्दू जिला नीमच का शैक्षणिक भ्रमण दिनांक 24.12. 2025 को आयोजित किया गया इस शैक्षणिक भ्रमण में कुल 94 छात्र-छात्राओं और 10 शिक्षक शिक्षिकाएं सम्मिलित हुई शैक्षणिक भ्रमण में छात्र-छात्राओं को दो बसों के माध्यम से चित्तौड़गढ़ राजस्थान किले का भ्रमण कराया गया।**

छात्र-छात्राओं को बताया गया कि चित्तौड़गढ़ का किला शौर्य बलिदान और गौरव कहानियों से भरा एक ऐतिहासिक स्थल है इस विशाल किले में विजय स्तंभ पद्मिनी महल मीरा मंदिर और गोमुख कुंड जैसे स्थलों का छात्र-छात्राओं ने आनंद के साथ भ्रमण किया किले के भ्रमण के बाद समस्त छात्र-छात्राओं को स्वादिष्ट भोजन दाल बाफले लड्डू कढ़ी चावल का कराया गया भोजन पश्चात चित्तौड़गढ़ किले से 35 किलोमीटर दूर सांवरिया सेठ मंदिर के दर्शन कराए गए उसके पश्चात खोर मंदिर पर भी छात्र-छात्राओं को दर्शन कराए गए।

इसी प्रकार शैक्षणिक भ्रमण रात्रि 9:00 बजे शाला परिसर में पहुंचा इस ऐतिहासिक शैक्षणिक भ्रमण में शिक्षक व शिक्षिकाएं श्रीमती शशि बाला पाटीदार, संध्या गेहलोद ,दीपक पोरवाल शौकत अली मंसूरी , सत्येंद्र सिंह चौहान, नागेश शर्मा ,जयदेव जी और प्राचार्य विनोद कुमार हास सम्मिलित हुए अंत में सकुशल भ्रमण संपन्न होने पर शाला प्रभारी प्राचार्य विनोद कुमार हास ने सबका आभार माना।

## एक नजर में

### पोरवाल पार्षद की पहल पर इंदिरा नगर में पैच वर्क का कार्य प्रारंभ



**नीमच।** इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक 7 के अंतर्गत पार्षद श्रीमती सुमित्रा मुकेश पोरवाल की पहल पर नगर पालिका द्वारा शहर में चलाए जा रहे पेचवर्क के कार्य में आज न्यू इंदिरा नगर के अंतर्गत दो सड़कों पर पेज वर्क कराया गया जो कि लंबे समय से इस क्षेत्र की जनता की मांग थी पेज वर्क होने से क्षेत्र वीडियो में अपार हर्ष है। वार्ड वासियों ने बताया कि पार्षद की कार्यप्रणाली से क्षेत्र की जनता अत्यंत पसंद है जब-जब जो-जो कार्य बताया जाता है वह गंभीरता से लेकर संज्ञान में लेकर उसको करने में लग जाती है जिसकी हम सभी भूरी भूरी प्रशंसा करते हैं। श्रीमती पोरवाल ने बताया कि अधूरे रह गए पेज क को भी अति शीघ्र पूरा कराया जाएगा।

### दुग्ध समृद्धि अभियान, दुग्ध उत्पादन कर देवरी खवासा की गायत्री हर माह कमा रही है 1.50 लाख रूपये

**नीमच।** नीमच जिले के ग्राम देवरी खवासा निवासी गायत्री बाई पति विजय कारपेंटर , पशुपालन कर प्रतिमाह डेढ़ लाख रूपये कमा रही हैं। आठ वर्ष पूर्व मात्र दो पशुओं से पशुपालन प्रारंभ कर, वर्तमान में छोटे बड़े गौवंश एवं भैंस वंश की संख्या 17 हो गई है। गायत्री बाई स्वयं खेती के साथ पशुपालन का कार्य करती हैं। पशुशाला में पशुओं के चारा खाने की कुण्डियां बना रखी हैं तथा ऑटोमेटिक पानी की व्यवस्था कर रखी है ताकि कम मजदूरों से पशुओं का प्रबंधन किया जा सके। पशुपालक गायत्री बाई बताती हैं कि उनके मन में यह बात थी, कि किस प्रकार मेरे हाथ में रोज पैसा आए, ताकि मैं अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में सहायता कर सकूँ। उन्हें इसका सबसे अच्छा साधन, पशुपालन लगा, क्योंकि खेती का फसल अवशेष पशु आहार के रूप में उपयोग किया जा सकता था जिसमें कोई अतिरिक्त खर्च नहीं आता और गोबर के खाद के उपयोग से रासायनिक खाद का खर्च भी कम हो जाता है फसल उत्पादन भी बढ़ता है। साथ ही दूध से अतिरिक्त आय भी होती है। श्रीमती गायत्री बाई का कहना है कि पहले मात्र दो पशु क्रय किए, वर्तमान 17 छोटे बड़े पशु हैं जो घर पर ही वंश वृद्धि से प्राप्त हुए हैं। मादा बछड़ियाँ प्राप्त करने हेतु पशुओं को सेक्स सॉर्टेड सीमन लगवाती हैं। समय-समय पर टीकाकरण व पेट के कीड़े की दवा देती हैं ताकि पशु स्वस्थ रहे।गायत्री बाई अपने पशुओं सन्तुलित पशु आहार एवं मिनरल मिक्चर खिलाती हैं।

### अंबा में वन विभाग द्वारा अनुभूति शिविर



**नीमच।** सामान्य वनमंडल नीमच के परिक्षेत्र रतनगढ़ में द्वितीय अनुभूति शिविर बुधवार को सबरेंज ताल की बीट अंबा के कक्ष क्रमांक 209 में आयोजित किया गया। अनुभूति शिविर में सिंगोली के प्राचार्य श्री राजेन्द्र जोशी एवं श्री राजेन्द्र कुमार प्रजापत, एवं 126 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। अनुभूति मास्टर ट्रेनर श्री बापूलाल दायणा (वनपाल), श्री सदाशिव धाकड (वनरक्षक), मो. सगीर मंसूरी, (वनरक्षक), ने अनुभूति वर्ष 2025-26 की थीम 'हम पृथ्वी के दूत' के बारे में जानकारी दी और वन एवं वन्यप्राणी सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया ।विद्यार्थियों को किट (अनुभूति पुस्तिका, केप, पेन, पेंसील) वितरित की गई। अनुभूति प्रकृति पथ भ्रमण एवं जंगल सचित्र के दौरान विभिन्न वृक्षों की पहचान, वन्य जीव साक्षों की पहचान, जडमृदा तंत्र, नदियों का महत्व, पक्षी दर्शन आदि विषयों पर जानकारी दी।। मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण के संरक्षण शिविर अंतर्गत खाद जल जंगल की पुकार, एवं कर्तव्य के महत्व को पूरा करने के लिए सरल तरीकों से बच्चों को समझाया । प्रकृति संरक्षण बचाव खेल-खेल में बिना सिले कपडे का झोला बनाने का प्रशिक्षण दिया । क्विज प्रतियोगिता एवं गीत गायन किया गया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए। मैं भी बाघ, हम हैं बदलाव, हम हैं धरती के दूत थीम पर बाघ नृत्य करवाया गया ।और विद्यार्थियों का अनुभूति की शपथ दिलाई ।

### इनर व्हील डायमंड ने बालिकाओं को गरम स्वेटर वितरित कर निभाई सामाजिक जिम्मेदारी

**नीमच।** ठंड के मौसम में जरूरतमंद बालिकाओं को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से इनर व्हील क्लब ऑफ़ नीमच डायमंड द्वारा गोद लिए गए शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में गरम स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की समस्त छात्राओं को गरम स्वेटर वितरित किए गए। स्वेटर पाकर छात्राओं के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास की झलक दिखाई दी। यह सेवा कार्यक्रम क्लब की सक्रिय सदस्या अर्पिता निखिल जिंदल के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष पूजा गर्ग ने कहा कि इनर व्हील क्लब ऑफ़ नीमच डायमंड सदैव शिक्षा, स्वास्थ्य एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े सेवा कार्यों को प्राथमिकता देता आया है। बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु इस प्रकार के सामाजिक कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में क्लब की सचिव पायल गुर्जर एडिटर शिवांगी जैन, प्रियंका नागदा,जयंती एनिया,गौरी खंडेलवाल सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं, जिन्होंने सेवा भावना के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। विद्यालय की प्राचार्या सहित सभी शिक्षिकाओं ने क्लब के इस सराहनीय प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया।

# खंभे पर चढ़ा कर्मचारी करंट लगने से झुलसा

▸ मेंटनेंस से पहले लाइन बंद कराई गई, फिर भी आ गया करंट



**नीमच।** नीमच के दशहरा मैदान इलाके में गुरुवार सुबह खंभे पर चढ़ा एक कर्मचारी करंट लगने से झुलस गया, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसा डाकघर (पोस्ट ऑफिस) के सामने हुआ। गिरदौड़ा गांव का रहने वाला 28 साल का रघुवीर सिंह राजपूत बिजली कंपनी में आउटसोर्स कर्मचारी है। वह क्रेन की मदद से बिजली के खंभे पर चढ़कर तार ठीक कर रहा था। इसी दौरान अचानक तार में करंट आ गया और रघुवीर उसकी चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया।


**अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर**-हादसे के तुरंत बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई। घायल कर्मचारी को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। खबर मिलते ही बिजली विभाग के बड़े अफसर और कैंट थाना पुलिस भी अस्पताल पहुंची। डॉक्टर्स के अनुसार, फिलहाल रघुवीर की हालत खतरे से बाहर है और उसका इलाज चल रहा है।

**लाइन बंद थी, फिर करंट कैसे आया**-बिजली कंपनी के अधिकारी महेश ठाकुर ने बताया कि काम शुरू करने से पहले बाकायदा 'परमिट' लिया गया था, यानी उस लाइन की बिजली बंद करवाई गई थी। उन्होंने आशंका जताई है कि किसी तकनीकी खराबी की वजह से लाइन में 'रिटर्न करंट' (वापस आने वाला करंट) आ गया होगा, जिससे यह हादसा हुआ।

**जांच के आदेश**- कंपनी अब इस बात की जांच कर रहा है कि बिजली बंद होने के बावजूद तार में करंट कहां से आया। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद ही साफ होगा कि चूक कहां हुई, ताकि आगे ऐसे हादसों को रोका जा सके।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, दो भाजपा पार्षद बाल-बाल बचे

**नीमच। शहर में बुधवार शाम करीब 5 बजे किलेश्वर मंदिर मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि मौके पर मौजूद दो भाजपा पार्षद बाल-बाल बच गए।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूर्व विधायक नंदकिशोर पटेल के परिवार से जुड़े रमन पिता प्रभुलाल पटेल (उम्र 36 वर्ष) निवासी धनेरिया कला, बाइक से अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान किलेश्वर रोड पर अवैध रूप से लगी गुमटियों के सामने होंडा ह्व20 कार ने तेज गति से आते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में रमन पटेल के दाएं पैर के घुटने और तलवे में गहरी चोट, साथ ही सिर और कान में भी चोटें आई हैं। उन्हें 112 एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय नीमच के भाजपा पार्षद रूपेंद्र लॉक्स और आलोक सोनी पास ही एक होटल पर चाय पीने के बाद खड़े थे। बाइक सवार रमन पटेल से उनकी बातचीत ही हुई थी कि तभी तेज रफ्तार कार वहां पहुंची और दुर्घटना हो गई। गनीमत रही कि दोनों पार्षद सुरक्षित रहे।

कार चालक की पहचान इमरान पिता असलम, निवासी नया बाजार के रूप में हुई है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायल का ज़िला अस्पताल में उपचार जारी है।

# भाटखेड़ी बुजुर्ग में 25वीं अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज

▸ मशाल रैली ने बढ़ाया उत्साह



**मनासा।** नगर से चार किलोमीटर दुर खेल गांव के नाम से प्रसिद्ध भाटखेडी में खेल प्रतिभाओं को मंच देने और ग्रामीण अंचल में कबड्डी के प्रति अलख जगाने के उद्देश्य से, जागृति क्लब भाटखेड़ी बुजुर्ग के तत्वावधान में 25वीं अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता का ऐतिहासिक शुभारंभ गुरुवार (25 दिसंबर) को हुआ। रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित इस गरिमामयी समारोह में खेल और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला।

प्रतियोगिता के औपचारिक शुभारंभ से पूर्व, प्रातः 9:00 बजे गांव में एक विशाल मशाल रैली निकाली गई। इस रैली में न केवल खेल प्रेमियों बल्कि गांव की महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लिया। हाथों में मशाल और खेल के प्रति उत्साह लिए युवा खिलाड़ियों के जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा।

**गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में हुआ दीप प्रज्वलन**-कार्यक्रम का मुख्य समारोह प्रातः 11:00 बजे प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन पाटीदार और मनासा विधायक श्री अनिरुद्ध माधव मारू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्याम वसीटा, सुनील शर्मा, सरपंच मनोज पुरोहित, श्याम पाटीदार, संजय नायक राहुल बंजारिया, बजरंग दल के प्रेम कुशवाह व दुर्गेश धनगर सहित क्षेत्र के कई पंचायतों के सरपंच और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। अतिथियों ने खेल की भावना को सर्वोपरि बताते हुए जागृति क्लब के प्रयासों की सराहना की। शुभारंभ समारोह में शारदा विद्या निकेतन विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्वागत नृत्य और देशभक्ति के गीतों ने दर्शकों का मन मोह लिया और खिलाड़ियों में नई ऊर्जा का संचार किया।

> **देशभर से आए 400 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम**
>
> जागृति क्लब के अध्यक्ष रमेश जोशी और कैलाश कारपेंटर ने बताया कि इस 25वें आयोजन में विभिन्न राज्यों की नामी टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता में लगभग 400 खिलाड़ी, कोच और अधिकारी शामिल हुए हैं। अगले कुछ दिनों तक भाटखेड़ी के खेल मैदान पर कबड्डी के रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। इस भव्य आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह का माहौल है और खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

# उत्साह से मनाया क्रिसमस पर्व, आशीष भवन चर्च में की विशेष आराधना

**नीमच।** शांति, प्रेम और करुणा के प्रतीक प्रभु यीशु मसीह का पावन जन्मोत्सव क्रिसमस गुरुवार को नीमच शहर में ईसाई समाज द्वारा श्रद्धा, हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रभु यीशु के प्रेम, सेवा, त्याग और मानवता के संदेश को आत्मसात करने और समाज में भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। क्रिसमस पर्व के मौके पर शहर में उल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिला। चर्च परिसरों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए, वहीं आशीष भवन चर्च को आकर्षक सजावट और रंगीन रोशनी से सजाया गया। चर्च में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में ईसाई समाजजन शामिल हुए। सामूहिक प्रार्थना के दौरान प्रभु यीशु द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने और समाज में शांति, सद्भाव व प्रेम का प्रसार करने की कामना की गई। प्रार्थना सभा के पश्चात केक सेरेमनी का आयोजन किया गया, जहां सभी ने मिलकर केक काटा और एक-दूसरे को क्रिसमस की शुभकामनाएं देकर पर्व की खुशियां साझा कीं। समारोह के दौरान आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। इस अवसर पर चर्च के फादर विनोद मईड़ा ने देशवासियों एवं नीमच शहरवासियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रभु यीशु मसीह का जीवन संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु ने प्रेम, त्याग, सेवा और करुणा का जो संदेश दिया, वह आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। उनका संदेश समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारे की स्थापना का मार्ग दिखाता है। फादर मईड़ा ने सभी लोगों से आपसी प्रेम और सौहार्द बनाए रखने की अपील की ।क्रिसमस समारोह में ईसाई समाज के साथ-साथ अन्य समाजों के लोगों की भी उल्लेखनीय सहभागिता रही। कांग्रेस सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों और अन्य समाजजनों ने चर्च पहुंचकर ईसाई समाज को क्रिसमस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं, जिससे आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश और मजबूत हुआ।



# महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शिनी ने बेबीकीट वितरित किए

**नीमच।** महावीर इंटरनेशनल समस्त प्राणियों के प्रति सेवा भावना से कार्य करता है । सेवा के प्रकल्प को साकार करने हेतु महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शिनी लगातार प्रयास कर रही है ।इसी श्रृंखला में महावीर इंटरनेशनल अपेक्स द्वारा उपलब्ध कराए गए 50 हाइजैनिक बेबीकीट नवजात शिशुओ के लिए निःशुल्क वितरित किए गए।

रतलाम-नीमच जोन की चेयरपर्सन रेखाअनुराग जैन ने बताया कि बेबीकीट वितरित करना महावीर इंटरनेशनल का स्थायी सेवा प्रकल्प है। हम समय-समय पर बेबीकीट वितरित करते रहते है। ये बेबीकीट पूरी तरह हाइजैनिक है और शिशुओ को संक्रमण से बचाने के लिए उपयोगी है ।बेबीकीट वितरित करने का उद्देश्य शिशुओ के स्वास्थ्य और विकास को बढ़ावा देना है।।

महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शिनी अध्यक्ष रज़िया अहमद ने संस्था के कार्यों के बारे में जानकारी दी। यह संस्था जाति-धर्म से ऊपर सेवा को प्राथमिकता देती है ।डॉ अनु यादव ने महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शिनी द्वारा किए जाने वाले सेवा कार्यो की सराहना की और कहा कि आप लोगों को यूं ही सहयोग देते रहे ।गुरुवार को कार्यक्रम डॉ अनु यादव, को ऑप्टेन मेंबर मनोहरलाल बंब और रतलाम-नीमच जोन चेयरपर्सन रेखा अनुराग जैन, डिप्टी डायरेक्टर वुमन्स एम्पायर आशा सांभर,जोन सेक्रेट्री संतरा विरवाल के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

**एक नजर** ▸ परिजनों ने पुलिस पर लगाए लापरवाही के आरोप

# रास्ते के विवाद में मारपीट के बाद उपचार के दौरान मौत



**नीमच।** नीमच सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम थड़ौली निवासी 50 वर्षीय श्यामलाल कारपेंटर की रास्ते के विवाद में हुई मारपीट के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजन सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर नीमच सिटी थाने पहुंचे और पुलिस पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया होता और उचित कार्रवाई की होती, तो श्यामलाल की जान बचाई जा सकती थी। जानकारी के अनुसार घटना 23 दिसंबर की है, जब ग्राम थड़ौली में रास्ते को लेकर हुए विवाद के दौरान श्यामलाल कारपेंटर, उनकी पत्नी मंजू और पुत्र विजय कारपेंटर के साथ मारपीट की गई।

मृतक के पुत्र विजय कारपेंटर ने आरोप लगाया कि मारपीट उनके चाचा राजमल कारपेंटर द्वारा की गई, जिसमें श्यामलाल को गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। विजय के अनुसार घटना के तुरंत बाद 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी गई, इसके बाद परिजन श्यामलाल को लेकर थाने पहुंचे और अंदरूनी चोटों की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

परिजनों का आरोप है कि श्यामलाल की हालत नाजुक होने के बावजूद उनका बयान दर्ज नहीं किया गया, जबकि आरोपी राजमल कारपेंटर का बिना किसी स्पष्ट चोट के मेडिकल परीक्षण करा दिया गया। इधर श्यामलाल की तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई, जिसके बाद उन्हें नीमच के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया।

गुरुवार सुबह करीब 7 बजे इलाज के दौरान श्यामलाल कारपेंटर की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया और वे राजमल कारपेंटर सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग को लेकर नीमच सिटी थाने पर एकत्रित हो गए। परिजनों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। उल्लेखनीय है कि आरोपी राजमल कारपेंटर मृतक का सगा छोटा भाई बताया जा रहा है, जिससे मामला और भी संवेदनशील हो गया है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।